उत्तर प्रदेश सरकार

उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड

19 सी, तुलसी गंगा कॉम्पलेक्स, विधानसभा मार्ग,
लखनऊ, उत्तर प्रदेश–226001

सूचना / विज्ञप्ति

आरक्षी नागरिक पुलिस एवं आरक्षी पी0ए0सी0 के पदों पर सीधी भर्ती–2018 की प्रक्रिया के अन्तर्गत अभिलेखों की संवीक्षा एवं शारीरिक मानक परीक्षण हेतु अतिरिक्त अभ्यर्थियों को बुलाये जाने के सम्बन्ध में कटऑफ सम्बन्धी सूचना

संख्याः पीआरपीबी–एक–1(140) / 2018 दिनांकः दिसम्बर 15 ,2018

आरक्षी नागरिक पुलिस के 23,520 एवं आरक्षी पी0ए0सी0 के 18,000 पदों को भरे जाने के सम्बन्ध में बोर्ड द्वारा प्रकाशित की गयी सूचना/विज्ञप्ति संख्याः पीआरपीबीःएक–1(112)2017 दिनांकित 14–01–2018 की भर्ती प्रक्रिया के अन्तर्गत सम्पन्न लिखित परीक्षा में सफल पाये गये अभ्यर्थियों से, कुल रिक्तियों की संख्या को दृष्टिगत रखते हुये, योग्यता एवं आरक्षण के संगत प्रावधानों के आधार पर 1.5 गुना अभ्यर्थियों को अभिलेखों की संवीक्षा एवं शारीरिक मानक परीक्षण हेतु बुलाया गया था। इस प्रक्रिया हेतु बुलाये गये अभ्यर्थियों की संख्या बढ़ाने की आवश्यकता के दृष्टिगत अतिरिक्त अभ्यर्थियों को बुलाया जा रहा है, जिसमें सभी श्रेणियों की कटऑफ पर समान अंक पाने वाले सभी अभ्यर्थी भी सम्मिलित हैं।

2– अभिलेखों की संवीक्षा एवं शारीरिक मानक परीक्षण हेतु बुलाये जाने वाले अतिरिक्त अभ्यर्थियों के श्रेणीवार कटऑफ मार्क्स इस प्रकार हैः–

क्र0सं0	लम्बवत आरक्षण के अन्तर्गत श्रेणी	कटऑफ मार्क्स
1	अनारक्षित	215.58625
2	अन्य पिछड़ा वर्ग	204.74484
3	अनुसूचित जाति	172.94459
4	अनुसूचित जनजाति	135.107

क्र0सं0	क्षैतिज आरक्षण के अन्तर्गत श्रेणी	कटऑफ मार्क्स
1	स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के आश्रित	60 (अपरिवर्तित)
2	भूतपूर्व सैनिक	60
3	महिला (केवल आरक्षी ना0पु0 के लिए)	181.53222
4	होमगार्ड्स	60 (अपरिवर्तित)

3– अभिलेखों की संवीक्षा एवं शारीरिक मानक परीक्षण प्रारम्भ होने की सम्भावित तिथि 26–12–2018 है। अर्ह अभ्यर्थियों के प्रवेश–पत्र दिनांक 20–12–2018 से बोर्ड की

वेबसाइट http://uppbpb.gov.in पर उपलब्ध होंगे, जिन्हें अभ्यर्थी डाउनलोड कर प्रवेश–पत्र में अंकित परीक्षा केन्द्र पर निर्धारित तिथि व समय पर प्रवेश–पत्र में उल्लिखित मूल अभिलेखों के साथ उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे। उक्त संवीक्षा हेतु मान्य जाति प्रमाण–पत्र एवं निवास प्रमाण–पत्र का विशिष्ट विवरण निम्नवत है:–

(1) अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों हेतु उ0प्र0 सरकार द्वारा उ0प्र0 की सेवाओं के लिए निर्धारित प्रारूप में जाति प्रमाण–पत्र दिनांक 01–04–2017 से पंजीकरण की अन्तिम तिथि 22–02–2018 तक का निर्गत होना चाहिए।

(2) अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति का जाति प्रमाण–पत्र पंजीकरण की अन्तिम तिथि 22–02–2018 से पूर्व किसी भी तिथि का निर्गत होना चाहिए ।

(3) अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों के लिए तथा किसी भी प्रकार के क्षैतिज आरक्षण के अन्तर्गत आवेदन / दावा करने वाले अभ्यर्थियों के लिए उ0प्र0 सरकार द्वारा उ0प्र0 की सेवाओं के लिए निर्धारित प्रारूप में निर्गत निवास प्रमाण–पत्र वर्तमान समय का **(जो इस बात का प्रमाण हो कि अभ्यर्थी अर्भ्यथन की अवधि में उ0प्र0 का निवासी था)** होना चाहिए।

4– यद्यपि इस सूचना को वेबसाइट पर अपलोड किये जाने में पर्याप्त सावधानी बरती गयी है, फिर भी किसी प्रकार की तकनीकी त्रुटि के लिये बोर्ड उत्तरदायी नहीं होगा और न ही त्रुटिपूर्ण अंकन का किसी को किसी प्रकार का लाभ या अधिकार प्राप्त होगा या अनुमन्य होगा।

5– यह सूचना सर्वसाधारण के लिए प्रकाशित की जा रही है। अतः जो सूचनाएं इस सूचना / विज्ञप्ति के माध्यम से उपलबध करायी जा रही हैं, उनके सम्बन्ध में सूचना का अधिकार अधिनियम–2005 के अन्तर्गत पृथक से कोई प्रार्थना पत्र स्वीकार नहीं किये जायेंगे और न ही उन पर बोर्ड द्वारा कोई विचार किया जायेगा।

13/4/18

अपर सचिव, भर्ती
उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड,
लखनऊ।